**अच्छी पहल** • डेंगू से बचाव के उपाय बता रहे समाजजन, जगह-जगह पहुंचकर लार्वा भी चेक कर रहे

# डेंगू का बढ़ा प्रकोप, बोहरा समाज ने 14 मोहल्लों में छेड़ा अभियान

## पानी की टंकियों में तेल डाल रहे हैं समाजजन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे शहर में डेंगू बेकाबू हो चुका है। दवा के छिड़काव के दावे तो हो रहे है, लेकिन गाड़ी कहां-कहां, कितने गली मोहल्लों में पहुंच रही है, इसकी हकीकत पूरा शहर जानता है। इन सभी से परे.. बोहरा समाजजन ने एक बेहतर मिसाल पेश की है। समाजजन खुद ही घर-घर जाकर दवा का छिड़काव कर रहे हैं। यह फैसला समाजजनों ने इसलिए लिया है क्योंकि अब तक समाज के करीब 100 लोग डेंगू की चपेट में आ चुके हैं।

बोहरा समाज के पीआरओ सलीम आरिफ ने बताया कि आज डेंगू सबसे बड़ी चुनौती बना है। डेंगू से किसी की भी हालत गंभीर ना हो, इसके लिए आमिल साहब के मार्गदर्शन में घर-घर दवा छिड़काव करने का फैसला लिया। यह जिम्मा समाज के बुरहानी अस्पताल ने उठाया है, अस्पताल ही इसका पूरा खर्च भी उठा रहा है। बड़ी कंपनी की दवा मंगवाई गई है, कंपनी के अधिकारियों ने ही छिड़काव के बारे में ट्रेनिंग भी दी है। इसके बाद अब गली-मोहल्ले में छिड़काव शुरू कर दिया है।

**इन मोहल्लों में कर रहे दवाई का छिड़काव :** सैफी मोहल्ला, चांदनीचौक, कादरी कॉलोनी, नजमपुरा, वजीपुरा, कलीमी कॉलोनी, भरावा की कुई, बैंक कॉलोनी, फ्रीगंज सहित अन्य जगह पर छिड़काव किया जा रहा है।



समाज के मोहल्ले में दवा का छिड़काव करते हुए।

## कोरोना काल में भी समाज ने संभाली थी कमान

सेवा के मामलों में बोहरा समाज हमेशा आगे रहता है। कोरोना काल में भी समाजजनों ने कमान संभाली थी। समाज के मोहल्ले जब कंटेनमेंट बने तो पुलिस के साथ समाज की टीम भी मदद को जुटी। लोगों को फल, सब्जी के साथ ही घर तक दवा का इंतजाम भी करवाया। इसके अलावा लॉकडाउन में भी समाजजन प्रशासन के साथ मदद को तैयार रहे।

## पानी की टंकियों प[र] विशेष फोकस

समाज के बुरहानी गाइर्स की टीम इस कमान को संभाल रही है। टीम का फोकस है कि पानी की टंकियों, पुराने टायर, गम[ले] आदि में पानी जमा ना हो। कहीं भी जमा पानी मिल रहा है, तो उसे खत्[म] कर रहे हैं। इसके अलाव[ा] टंकियों में लार्वा चेक कर रहे हैं। साथ ही तेल भी डाल रहे हैं ताकि लार्वा पनपने की गुंजाइश ना रहे। समाज की गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर सावधान रहने की नसीहत दी जा रही है।

भास्कर

दै. भास्कर 7/10/21

# राजस्थान तरफ से आओ या गुजरात की ओर से, शहर में सबसे पहले होता है गड्ढों से सामना

## शहर की सड़कें तो खराब हैं ही शहर के प्रवेश मार्गों की हालत इनसे भी ज्यादा खराब

रतलाम | सड़कें शहर की तरक्की को बयां करती है। सड़कों से ही किसी भी शहर के विकास की रफ्तार का पता चलता है लेकिन हमारे शहर के भीतर की सड़कें तो गड्ढों भरी तो ही है एंट्रेस मार्ग भी बदहाल है। इससे जैसे ही आसपास के शहरों या राज्यों से आने वाले लोग शहर में दाखिल होते उनका सामना गड्ढों से होता है। इसके बाद से लेकर गड्ढे ही नजर आते हैं। बावजूद ना तो जनप्रतिनिधि को मरम्मत की चिंता है और ना ही अफसरों को।

### गुजरात से आने पर वाहनों को टोल चुकाते ही गड्ढों से पड़ता है पाला



ये करमदी रोड है। इसका निर्माण सात साल पहले हुआ था। झाबुआ, आलीराजपुर ही नहीं गुजरात की ओर से आने वाले लोग भी इसी रास्ते से शहर में दाखिल होते हैं। कलमोड़ा पर टोल प्लाजा पर टोल चुकाने के बाद जैसे ही वाहन रतलाम में प्रवेश करते हैं उनका सामना बड़े-बड़े गड्ढों से होता है। करमदी से लेकर संत रविदास चौक इसके बाद त्रिपोलिया गेट की तरफ जाओ या फिर हरमाला रोड की तरफ गड्ढे ही मिलेंगे। प्रमुख मार्ग होने से इस रोड से पांच हजार से ज्यादा छोटे और बड़े वाहन रोज गुजरते हैं।

### इंदौर और उज्जैन से आने वाले वाहन इसी रोड से शहर में करते हैं प्रवेश



ये प्रतापनगर ओवरब्रिज है और शहर का प्रमुख एंट्रेस मार्ग है। इंदौर, उज्जैन, धार, देवास की तरफ से शहर में आने वाले लोग इसी रोड से दाखिल होते हैं। इंदौर कारोबारी शहर है। इससे कारोबार के सिलसिले में जाने और आने वाले कारोबारी भी इसी रोड से गुजरते हैं। वहीं नागदा, खाचरौद की तरफ से आने वाले वाहन भी इसी रोड से दाखिल होते हैं लेकिन ब्रिज पर इतने गड्ढे हो रहे हैं कि वाहन ध्यान से नहीं चलाया तो दुर्घटना तय है लेकिन प्रतापनगर ब्रिज की रिपेयरिंग की भी किसी को चिंता नहीं है।

### राजस्थान से आने वाले लोग इसी रास्ते से शहर में होते हैं दाखिल



ये जावरा रोड है। मंदसौर, नीमच और राजस्थान की तरफ से आने वाले वाहन यहीं से शहर में दाखिल होते हैं। वहीं दिल्ली से आने और जाने का भी यही प्रमुख मार्ग है। पास में ही इंडस्ट्रियल एरिया भी है। इससे औद्योगिक क्षेत्र में माल लाने व ले जाने वाले मार्ग भी इसी रास्ते से गुजरते हैं लेकिन डोसीगांव से लेकर जावरा फाटक अंडरब्रिज तक तीन से पांच फीट के गड्ढे हो रहे हैं। इस मार्ग से रोजाना 10 हजार से ज्यादा वाहन आना जाना करते हैं। सभी को गड्ढों का सामना करना पड़ता है। भास्कर

दै. भास्कर 7/10/21

## आज शहर में 13 स्थानों पर लगेगी वैक्सीन

**रतलाम** | शहर में बुधवार को 13 स्थानों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। कोविशिल्ड का पहला और दूसरा टीका दीनदयाल नगर स्थित राधाकृष्णन स्कूल, अमृत सागर कॉलोनी स्थित सरस्वती स्कूल, नृसिंह वाटिका, मोती नगर स्थित मानव भवन, बालाजी नगर स्थित ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, अशोक नगर मदरसा, सब्जी फरोश जमातखाना, हाकिमवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र, जमातखाना शेरानीपुरा, अलकापुरी स्थित कम्युनिटी हॉल और जिला चिकित्सालय में लगाया जाएगा। कोवैक्सीन का पहला और दूसरा टीका घटला अस्पताल और एमसीएच में लगेगा।

दै. भास्कर 7/10/21

# कच्चा मकान होने के बाद भी आवास योजना का लाभ नहीं

**रतलाम, नप्र।** दो साल हो गए प्रधानमंत्री आवास योजना सुनवाई नहीं हो रही है। कहा जाता है कि जब तक रुपए नहीं दोगे तब तक नाम नहीं जुड़ेगा। कच्चे मकान में रह रहे है लेकिन वह भी अब रहने लायक नहीं है।

पलसोड़ा रहवासी बाबूलाल हीरालाल आंजना कल यहां जनसुनवाई में पहुंचे। आवेदन में बताया कि उसकी माता रुक्मणीबाई ने 4 अक्टूबर 2019 को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन दिया था आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। कच्चे मकान में रह रहे है वह भी काफी जर्जर हो चुका है और रहने लायक भी नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जब संबंधित लोगों से बात की जाती है तो कहा जाता है कि जब तक रुपए नहीं दोगे तब तक प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम नहीं जोड़ा जाएगा। जनसुनवाई से मामले को निराकरण के लिए सीईओ जनपद पंचायत भेजा। नान्दलेटा रहवासी कन्हैयालाल भी कल रतलाम आया। बताया कि वह दिव्यांग और उसने अनाथाश्रम की एक लकड़ी से विवाह किया है। बताया कि उसके पास बीपीएल कार्ड नहीं होने के कारण उसे दिव्यांग सहायता राशि, मुख्यमंत्री कन्यादान राशि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दिव्यांग होने की वजह से बराबर मजदूरी भी नहीं कर पा रहा है। जैसे-तैसे अपना जीवन यापन कर रहा हूं। प्रार्थी ने बीपीएल कार्ड बनवाए जाने को कहा। न्यू काजीपुरा की शबीना बी मंसूरी भी आर्थिक हालात को लेकर जनसुनवाई में पहुंची। उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। अपनी तीन बेटियों और वृद्ध सास-सुसर का भरण पोषण करने में असमर्थ है उसकी हालात काफी कमजोर है। उसने कहा कि उसे आर्थिक मदद की जाए जिससे वह छोटा-मोटा व्यापार कर जीवनयापन कर सके। सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े ने कल यहां 70 आवेदनों पर सुनवाई की। जनसुनवाई में निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया तथा अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।



प्रभात किरण 6/10/21

चौराहे से गुमटी को हटाया, अवैध कालोनी विकसित करने वालों व अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी

# सैलाना रोड क्षेत्र से 5 हजार स्क्वेयर फीट शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर कब्जे में लिया



रतलाम ▪ राज न्यूज नेटवर्क

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार विकास अनुममति के बिना अवैध रूप से कालोनी विकसित करने वाले कालोनाईजरों के विरूद्ध कार्यवाही के साथ शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही जिला, पुलिस व निगम प्रशासन द्वारा की जा रही है जिसके तहत 5 अक्टूबर मंगलवार को सैलाना रोड क्षेत्र से 5 हजार स्क्वेयर फीट भूमि को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में अतिक्रमण मुक्त कराकर कब्जे में लिया गया।

निगम आयुक्त ने बताया कि कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वाले कालोनाईजरों के साथ ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही कार्यवाही के तहंत सैलाना रोड क्षेत्र में बालाजी मार्बल द्वारा 5 हजार स्क्वेयर फीट शासकीय भूमि पर किये अवैध कब्जे को हटाकर भूमि को कब्जे में लिया गया। इसके अलावा शहर सराय क्षेत्र में सांची पार्लर की गुमटी की शिकायत जन सुनवाई में प्राप्त होने पर गुमटी को हटाया गया।

उक्त भूमि पर किये गये अवैध अतिक्रमण को तोडने हेतु निगम द्वारा निर्धारित 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से अतिक्रमणकर्ता से राशि वसूली जायेगी जिसके तहत अतिक्रमणकर्ता से अवैध निर्माण तोड़ने की राशि वसूलने के लिए शीघ्र नोटिस जारी किये जा रहा हैं।

श्री झारिया ने बताया कि अवैध कालोनियों और शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जों को हटाने की मुहिम सतत जारी रखी जाएगी। भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही के दौरान एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमन्त चौहन, तहसीलदार गोपाल सोनी, उपयंत्री मनीश तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर व लोक निर्माण विभाग का अमला उपस्थित था।

राज एक्सप्रेस 7/10/21

# मेडिकल कालेज में चालू करना पड़ा सातवां वार्ड

## डेंगू मरीज बढ़े : तीन सेट एलाइजा किट आई, आज से जिला अस्पताल व मेडिकल कालेज में जांच

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मेडिकल कालेज के अस्पताल में 360 से अधिक मरीज होने के कारण मंगलवार रात सातवां वार्ड चालू करना पड़ा। सभी वार्डों में ऐसे मरीज आ रहे है, जिनकी एंटीजन किट जांच में डेंगू पाजिटिव है। गत एक महीने से औसतन हर दिन तीस मरीज डिस्चार्ज होते हैं और पचास नए भर्ती हो रहे हैं।



बुधवार को ढाई सौ ऐसे मरीज भर्ती रहे जिनकी प्लेटलेट्स एक लाख से नीचे हैं। तीस उन मरीजों को प्लेटलेट्स भी चढ़ानी पड़ी, जिनकी दस हजार से कम है। रोज 200 से अधिक मरीजों की प्लेटलेट्स जांच हो रही है। बुधवार को तीन सेट एलाइजा किट मलेरिया विभाग को प्राप्त हुई। किट मिलने से गुरुवार से जिला अस्पताल के साथ मेडिकल कालेज लैब में एलाइजा जांच शुरू हो जाएगी। एलाइजा जांच नहीं होने से बुधवार को भी स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में डेंगू का कोई नया मामला नहीं मिला है। 324 घरों को सर्वे किया गया, जिनमें सात में लार्वा मिला और 11 बुखार के नए मरीज मिले हैं। जिले में अब तक एलाइजा जांच में 405 डेंगू के मामलों की पुष्टि हो चुकी है। जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, बाल चिकित्सालय और निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में नए मामले मिले हैं, जिसकी गिनती स्वास्थ्य विभाग नहीं कर रहा है। हालात ऐसे कि सभी सरकारी और निजी अस्पताल डेंगू के मरीजों से भरे हैं। ७६.

### दशहरे के बाद कम हो सकते हैं मरीज


मेडिकल कालेज अस्पताल अधीक्षक डा. प्रदीप मिश्रा ने बताया कि अभी तो अस्पताल में डेंगू के मामले कम नहीं हो रहे हैं। संभावना है कि दशहरा के बाद कम हों। मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण हमें सातवां वार्ड भी चालू करना पड़ा। हर दिन नए मरीज आ रहे हैं। इस बार डेंगू का नया रूप सामने आ रहा है। संभव हो कि कोरोना का कोई तीसरा रूप हो। इस पर रिसर्च भी शुरू हो गई है। जिला अस्पताल और बाल चिकित्सालय में भी बेड खाली नहीं हैं, इस कारण मेडिकल कालेज में मरीज तेजी से बढ़े हैं।

नईदुनिया 7/10/21

## एक शहर में दो नियम, जिम्मेदारों का ध्यान नहीं

# अनदेखी : मिनी स्मार्ट योजना में बनाई सड़क को निजी स्कूल ने बनाया पार्किंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** शहर में खास व आम व्यक्ति के लिए अलग-अलग नियम हैं। आम व्यक्ति गलत पार्किंग करें तो उस पर यातायात विभाग से लेकर निगम आर्थिक जुर्माना करती है, लेकिन मिनी स्मार्ट योजना में मित्र निवास रोड से कालिका माता मंदिर तक बनी सड़क को निजी कान्वेंट स्कूल ने अवैध कब्जा करते हुए पार्किंग बना दिया उस पर कोई कारवाई अब तक नहीं हो रही है।

शहर में सितंबर में ही निगम व यातायात विभाग ने करीब 700 से अधिक वाहनों पर कार्रवाई अलग-अलग धाराओं में नियम तोड़ने पर की है। इन लोगों पर 100 रुपए से लेकर 500 रुपए तक का अर्थदंड किया गया। सरकारी सड़क पर कब्जे पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

नियम अनुसार स्कूल निर्माण के दौरान पार्किंग स्थान बताना जरूरी है, लेकिन हकीकत यह है कि निजी कान्वेंट स्कूल ने पार्किंग के स्थान पर बगीचा बना दिया। अब स्थिति यह है कि स्कूल के विद्यार्थी वाहन लेकर आते है मित्र निवास रोड से लेकर कालिक माता मंदिर जाने वाले मार्ग पर ह अपने वाहन खड़े कर रहे हैं।

> हमारा कार्य यातायात पुलिस को सहयोग करना है। हम उनकी मदद में गलत पार्क वाहन पर कार्रवाई करते है। - **विकास सोलंकी,** उपायुक्त नगर निगम

> स्कूल में वाहन खड़े रखने की जगह नहीं है। इसलिए बाहर वाहन खड़े करवाए जाते है। - **सिस्टर जेसी पोकोडेम,** प्राचार्य, सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल

> समय समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई यातायात को बेहतर बनाने के लिए की जाती है। यातायात पुलिस तो निरंतर का करती ही है। इसके बाद भी कही समस्या है तो आमजन 7049127295 पर फोन करके सूचना दे सकती है।
>
> **- हेमंत चौहान,**
> सीएसपी रतलाम

पत्रिका 7/10/२१

## गरबा हो सकेंगे तो बुराई का प्रतीक भी जलेगा

# हटी गरबा पाबंदी, समय पूर्व नहीं होगी शहरबंदी

## अब हमें दिखाना होगी समझदारी, त्योहारों पर कोरोना से बचाव की बड़ी जिम्मेदारी उठाने आगे आए

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।

### जिला प्रशासन सरकार के नए एसओपी का कर रहा अध्ययन, आज जारी करेंगे लोकल स्तर की गाइडलाइन

### कॉलोनियों में किस तरह गरबा होंगे, इसकी समय-सीमा और दर्शकों व गरबाकर्ताओं की संख्या पर होगा निर्णय

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में नवरात्र के दौरान गणेशोत्सव की तरह छूट दिए जाने की जनता की मांग पर आखिरकार जिला प्रशासन ने मंथन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की नई घोषणा के बाद सरकार स्तर से एसओपी भी जारी कर दिया गया है। इसके आधार पर अब जिला प्रशासन संशोधित गाइडलाइन तैयार करेगा। नवरात्र के दौरान सार्वजनिक स्थलों और व्यावसायिक उत्सव संस्थाओं और समितियों के गरबा नहीं होंगे लेकिन आम जनता अपनी अपनी कॉलोनी और अंदरूनी क्षेत्रों वाले स्थलों पर गरबा कर सकेगी। आरती के दौरान भी ढोल-ताशों और डीजे का इस्तेमाल अब आसान होगा, हालांकि इनका उपयोग करने की अवधि निर्धारित कर दी गई है तो बाजार समय से पूर्व बंद नहीं होंगे।

### आज अमल के बाद करेंगे जारी

राज्य शासन द्वारा सोमवार को नवरात्र पर्व को मनाने के लिए दिए गए छूट के दायरे को बढ़ाने के बाद अब प्रशासन भी इस पर गुरुवार को अमल करेगा। इस संबंध में शासन की गाइडलाइन देर शाम को जिला प्रशासन को मिल गई है। जब पत्रिका ने इस बारे में भक्तों को बताया तो सभी ने एक स्वर में कहा धन्यवाद पत्रिका। इसकी वजह भी साफ है, सिर्फ पत्रिका ने आमजन की आस्था के विषय को उठाया व शासन के नुमाइंदों को ट्वीट भी किया। इसके बाद ही छूट का दायरा बढ़ाने का निर्णय राज्य शासन ने लिया है।

## इनका कहना

### धन्यवाद, नियम का पालन हो



धन्यवाद पत्रिका। बस अब यह जरूरी है कि कोरोना नहीं हो इसके लिए भी ध्यान रखना जरूरी है। सरकार ने सभी की सुनी है तो हमको भी सरकार को मदद करना होगी।

**- सलोनी पावेचा,** समाजसेवक

### सबसे अधिक खुशी



सबसे अधिक खुशी इस बात की है कि मीडिया की आवाज ताकत व ईमानदारी से उठाई जाए तो सुनी जाती है, यह सिद्ध हो गया। धन्यवाद पत्रिका को जिनकी वजह से यह निर्णय हुआ।

**- खुश्बु जोशी,** कराता कोच


### उत्साह बढ़ाने वाला निर्णय



नवरात्र पर्व मनाने के साथ साथ बुराई के प्रतीक रावण दहन की छूट देना सरकार का बेहतर निर्णय है। इसके लिए सिर्फ पत्रिका ने आवाज उठाई। इसके लिए पत्रिका को साधुवाद।

**-काजल टांक,** खिलाड़ी

### लख लख आभार



पत्रिका को लख लख आभार जिन्होंने यह आवाज उठाई व सरकार तक आमजन की आस्था को पहुंचाया।

**- रेणू सोलंकी,** सदस्य, राजपुत महिला मंडल

### शासन की गाइड लाइन का पालन



राज्य शासन की गाइड लाइन प्राप्त हो गई है। शासन की गाइड लाइन में जो निर्देश जारी किए गए है, उसके अनुसार नवरात्र पर्व मनाया जाएगा।

**- एमएल आर्य,** अपर कलेक्टर

पत्रिका

पत्रिका 7/10/21

# मास्क नहीं लगाने वालों को भेंट किए फूल

## शहर में अभियान चलाकर जगह-जगह बांटे निशुल्क मास्क



उत्कृष्ट विद्यालय मे मास्क प्रदान करते जन अभियान परिषद के पदाधिकारी। नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** मप्र जन अभियान परिषद के मैं कोरोना वालेंटियर्स अभियान के अंतर्गत खुशी एक पहल संस्था के कोरोना वालेंटियर्स द्वारा विद्यालयीन बच्चों और राहगीरों को मास्क वितरण किए गए। शासन के निर्देशानुसार प्रारंभ हुए विद्यालयों में विद्यार्थी नियमित अध्ययन कर सके, इसके लिए आवश्यक है कि वे सुरक्षित रहे और नियमित मास्क लगाएं। इसी को ध्यान में रखकर कोरोना को रोके रखना है तो मास्क लगाना है अभियान चलाकर उत्कृष्ट विद्यालय, एकीकृत विद्यालय दीनदयाल नगर, जैन स्कूल बाजना बस स्टैंड, सेवा भारती छात्रावास, बालगृह आदि स्थानों पर मास्क वितरित किए गए। अलकापुरी क्षेत्र में राहगीरों को मास्क के प्रति जागरूकता के लिए जिन्होंने मास्क नहीं लगा रखे थे, उन्हें गांधीगिरी कर गुलाब का फूल और मास्क दिया गया और समझाइश दी गई कि मास्क अवश्य पहने। बालगृह और सेवा भारती छात्रावास के विद्यार्थियों को फल, स्कूल के लिए पानी की बोतल और टिफिन दिए गए।

मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, सेवा भारती के पार्थ सारथी, योगेश जाट, साहित्यकार निर्संग दुबे, दृश्य वेलफेयर सोसाइटी के नवोदित बैरागी, अंजू सूर्यवंशी, करमदी विकास समिति के जितेंद्र राव, खुशी एक पहल संस्था के अध्यक्ष हरीश जोशी, अमन माहेश्वरी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, हार्दिक अग्रवाल, यगेश व्यास, भूपेंद्र गेहलोत, लखन सिलावट, आदि उपस्थित रहे।

नईदुनिया 7/10/21

---

एवं आभार अध्यक्ष दिनेश मण्डावरा ने माना।

## कोरोना को रोके रखना है तो मास्क लगाना है

## अभियान चलाकर निःशुल्क मास्क वितरण

ऐजाज़ शैख

**जिन्होने मास्क नही लगा रखे थें उन्हे गांधीगिरी कर गुलाब का फूल और मास्क दिया**



रतलाम> म.प्र. जन अभियान परिषद के मैं कोरोना वॉलेंटियर्स अभियान के अंतर्गत खुशी एक पहल संस्था के कोरोना वॉलेंटियर्स के द्वारा विघालयीन बच्चों और राहगीरों को मास्क वितरण कियें गये।

शासन के निर्देशानुसार प्रारंभ हुएें विघालयों में छात्र नियमित अध?ययन कर सके इसके लिये आवश्यक है कि वे सुरक्षित रहे और वे नियमित मास?क लगाये इसी को ध्यान में रखकर कोरोना को रोके रखना हैं तो मास?क लगाना है अभियान चलाकर उत्कृष्ट विघालय, एकीकृत विघालय दीनदयाल नगर, जैन स्कूल बाजना बस स्टेण्ड, सेवा भारती छात्रावास, बालगृह, आदि स्थानों पर मास्क वितरित किये गये और अलकापुरी क्षेत्र में राहगीरों को मास्क के प्रति जागरूकता के लिये जिन्होने मास्क नही लगा रखे थे उन्हे गांधीगिरी कर गुलाब का फूल और मास्क दिया गया और उन्हे समझाईश दी गयी कि मास्क अवश्य पहने, बाल गृह और सेवा भारती छात्रावास के छात्रों को फल, स?कूल के लिये पानी कि बोतल और टिफिन दिये गये। इस अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला सम-?वयक रत्नेश विजयवर्गीय, सेवा भारती पार्थ सारथी व योगेश जाट, साहित्यकार निसंग दुबे, दृश्य वेलफेयर सोसायटी के नवोदित बैरागी, अंजु सुर्यवंशी, करमदी विकास समिति से जितेन्द्र राव, खुशी एक पहल संस्था के अध्यक्ष हरीश जोशी, अमन माहेश्वरी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, हार्दिक अग्रवाल, योगेश व्यास, भूपेन्द्र गहलोत, लखन सिलावट, आदि उपस्थित रहे।

[illegible] 7/10/21

# डेंगू का स्ट्रेन का पता लगाने आज जबलपुर जाएंगे सैंपल

पत्रिका
बिग इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में डेंगू के बढ़ते मामलों को देख कारण पता लगाने सिरों सिम्टम्स जांच के लिए आज करीब दो दर्जन सैंपल जबलपुर भेजे जाएंगे। रतलाम के साथ मंदसौर और नीमच में भी डेंगू का कहर तेजी से फैल रहा है जिस कारण से अस्पतालों में पैर रखने तक की जगह नहीं बची है, ऐसे में अब जाकर कारण पता लगाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग की नींद खुली है।

ऐसा माना जा रहा है कि डेंगू का यह बहुत ही भयानक स्ट्रेन है जोकि लोगों की जान पर खतरा बनकर मंडरा रहा है। दरअसल केंद्र से स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व में ही चेताया गया था कि 11 राज्यों में डेंगू का खतरा अधिक है। यह चेतावनी के बाद रतलाम में डेंगू के मामले तेजी से बढ़े हैं जिसे देख माना जा रहा है कि यह डेंगू का नया वायरस है, जिसकी भयावहता के कारण लोगों की जान पर खतरा मंडराने लगा है।

केंद्र के द्वारा पूर्व में जारी की गई चेतावनी में बताया गया था कि मध्यप्रदेश और राजस्थान सहित अन्य राज्यों में सीरोटाइप-2 के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में लगातार बढ़ते मामलों के बाद अब जाकर रतलाम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डेंगू का स्ट्रेन पता लगाने की प्रक्रि या को शुरू किया गया है जिसके तहत गुरुवार को 20 से 25 सेम्पल जबलपुर स्थित लैब में भेजे जाएंगे।

पत्रिका

जिले में लगातार बढ़ते डेंगू मामलों के पीछे क्या कारण यह पता लगाने के लिए करीब 20 से 25 सैंपल आज सीरो जांच के लिए जबलपुर भेजे जाएंगे। डेंगू का कौन सा स्ट्रेन रतलाम में है, इसका खुलासा जांच रिपोर्ट आने पर होगा।फिलहाल जिले में 383 मरीज सामने आए है।

**- डॉ प्रमोद प्रजापति,** जिला मलेरिया अधिकारी

पत्रिका 7/10/21



# शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर कब्जे में लिया

स्वदेश

रतलाम ● स्वदेश समाचार

विकास अनुमति के बिना अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वाले कालोनाइजरों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई जिला, पुलिस व निगम प्रशासन द्वारा की जा रही है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कार्रवाई के तहत सैलाना रोड क्षेत्र में बालाजी मार्बल द्वारा 5 हजार स्क्वेयर फीट शासकीय भूमि पर किए अवैध कब्जे को हटाकर भूमि को कब्जे में लिया गया। इसके अलावा शहर सराय क्षेत्र में सांची पार्लर की गुमटी की शिकायत जन सुनवाई में प्राप्त होने पर गुमटी को हटाया गया।

उक्त भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को तोड़ने हेतु निगम द्वारा निर्धारित 15 हजार रुपए प्रति घन्टे के मान से अतिक्रमणकर्ता से राशि वसूली जाएगी जिसके तहत अतिक्रमणकर्ता से अवैध निर्माण तोड़ने की राशि वसूलने हेतु शीघ्र नोटिस जारी किए जा रहे है। श्री झारिया ने बताया कि अवैध कॉलोनियों और शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जों को हटाने की मुहिम सतत् जारी रखी जाएगी।

भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई के दौरान एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमन्त चौहान, तहसीलदार गोपाल सोनी, उपयंत्री मनीष तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर व लोक निर्माण विभाग का अमला उपस्थित था।

स्वदेश 7/10/21

# स्पॉट फाइन दल के कर्मचारियों का 35 दिवस का वेतन काटा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर स्पॉट फाइन किए जाने हेतु गठित दल द्वारा विगत सितम्बर माह से नियमित रूप से स्पॉट फाइन नहीं करने, शहर में कहीं भी स्पॉट फाइन नहीं करते पाए जाने व प्रतिदिन लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाइन नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाइन दल के कर्मचारियों का 35 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। स्पॉट फाइन दल के पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेश ललावत व आकाश शिन्दे द्वारा विगत सितम्बर माह से 5 अक्टूबर तक नियमित व लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाइन नहीं करने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर 1 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक (कुल 35 दिवस) प्रतिदिन वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

स्वदेश 7/10/21

## खुले में गंदगी करने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोतम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत खुले में गंदगी करने वाले 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार खुले में गंदगी करने पर दिनेश जवाहर नगर पर 2000, राकेश स्टेशन रोड, अकबर शहर सराय व बुरहानी फर्नीचर छत्रीपुल पर 500-500 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी गई।

प्रसारण 7/10/21



# मास्क अभी भी जरूरी

रतलाम, नप्र। कोरोना को रोके रखना है तो मास्क लगाना है। शहर में बिना मास्क के घूम रहे लोगों को गुलाब के फूल की कली देकर समझाया कि पड़े सबको भारी, ऐसी गलती मत करो भाई।

मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद् के 'मैं कोरोना वॉलेंटियर्स' अभियान में खुशी एक पहल संस्था ने सहभागिता कर कल चौराहों से गुजरने वाले लोगों के अलावा स्कूली बच्चों को मास्क दिए। बच्चों को समझाया कि स्कूल में नियमित पढ़ाई करना है तो जरूरी है कि सुरक्षित रहकर मास्क लगाए रखना है। अलकापुरी चौराहे पर अपना रेस्टोरेंट के सामने कार्यकर्ताओं ने खुले मुंह घूम रहे लोगों को रोका और गांधीगिरी से गुलाब का फूल और मास्क देकर समझाया कि मास्क जरूर पहनें। कार्यकर्ता बाल गृह और सेवा भारती छात्रावास में भी पहुंचे जहां छात्रों को फल के अलावा स्कूल के लिए पानी की बोतल और टिफीन दिए।

इस दौरान जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, सेवा भारती के पार्थ सारथी, योगेश जाट, निर्संग दुबे, दृश्य वेलफेयर सोसायटी के नवोदित बैरागी, अंजु सुर्यवंशी, करमदी विकास समिति से जितेन्द्र रावए, खुशी एक पहल संस्था के हरीश जोशी, अमन माहेश्वरी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, हार्दिक अग्रवाल, योगेश व्यास, भूपेन्द्र गेहलोत, लखन सिलावट सहित अन्य साथीगण मौजूद रहे।

प्रभात किरण 6/10/21

## कर्मचारियों का 35 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। खुले में कचरा डालकर पहर को गंदा करने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर स्पॉट फाईन किये जाने हेतु गठित दल द्वारा विगत सितम्बर माह से नियमित रूप से स्पॉट फाईन नहीं करने, पहर में कहीं भी स्पॉट फाईन नहीं करते पाये जाने व प्रतिदिन लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार स्पॉट फाईन दल के कर्मचारियों का 35 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेश ललावत व आकाश शिन्दे द्वारा विगत सितम्बर माह से 5 अक्टूबर तक नियमित व लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर 1 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक (कुल 35 दिवस) प्रतिदिन वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया।

अवन्तिका 7/10/21

## स्पॉट फाईन दल के कर्मचारियों का 35 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर स्पॉट फाईन किये जाने हेतु गठित दल द्वारा विगत सितम्बर माह से नियमित रूप से स्पॉट फाईन नहीं करने, शहर में कहीं भी स्पॉट फाईन नहीं करते पाये जाने व प्रतिदिन लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल के कर्मचारियों का 35 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेश ललावत व आकाश शिन्दे द्वारा विगत सितम्बर माह से 5 अक्टूबर तक नियमित व लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर 1 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक (कुल 35 दिवस) प्रतिदिन वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## दैवेभो कर्मचारी का 7 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। जलप्रदाय विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी राजेन्द्रसिंह-रामचन्द्र द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के विरूद्ध गलत टिप्पणी करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## खुले में गंदगी करने का 4 पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 4 अक्टूबर मंलवार को खुले में गंदगी करने वाले 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर दिनेश जवाहर नगर पर 2000, राकेश स्टेशन रोड, अकबर शहर सराय व बुरहानी फर्नीचर छत्रीपुल पर 500-500 रूपये का जुर्माना कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी गई। साथ ही निगम द्वारा निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को गंदगी फैलाने वालों की सूचना देने की अपील की। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा, स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, मनोज झांझोट, राकेश ललावत को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

नवभारत 7/10/21

## नो पार्किंग में खड़े 6 वाहन जब्त, वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत मंगलवार को नो पार्किंग में खड़े 6 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार 6 अक्टूबर मंगलवार को चांदनी चौक, धनमण्डी, डालू मोदी बाजार क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर शेरसिंह-धन्नालाल पर 500, नानक-चेतनदास, संजू-कैलाश पटेल, अजयसिंह-विक्रमसिंह, सुनील-भवंरलाल अग्रवाल व अंकुश-मोहनलाल परिहार पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया।

नवभारत 7/10

## 6 वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत 5 अक्टूबर मंगलवार को नो पार्किंग में खड़े 6 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुमार्ना वसूला गया। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार 6 अक्टूबर मंगलवार को चांदनी चौक, धनमण्डी, डालू मोदी बाजार क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर शेरसिंह-धन्नालाल पर 500, नानक-चेतनदास, संजू-कैलाश पटेल, अजयसिंह-विक्रमसिंह, सुनील-भवंरलाल अग्रवाल व अंकुश-मोहनलाल परिहार पर 200-200 रुपए का जुर्माना किया गया।

अवन्तिका 7/10

## दै.वे. भोगी कर्मचारी राजेन्द्रसिंह का 7 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। जलप्रदाय विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी राजेन्द्रसिंह-रामचन्द्र द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध गलत टिप्पणी करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

प्रसारण 7/10/21

## स्पॉट फाईन दल के कर्मचारियों का 35 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। खुले मे कचरा डालकर षहर को गंदा करने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर स्पॉट फाईन किये जाने हेतु गठित दल द्वारा विगत सितम्बर माह से नियमित रूप से स्पॉट फाईन नही करने, षहर में कही भी स्पॉट फाईन नही करते पाये जाने व प्रतिदिन लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नही करनेपर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार स्पॉट फाईन दल के कर्मचारियों का 35 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देषानुसार स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेष ललावत व आकाष षिन्दे द्वारा विगत सितम्बर माह से 5 अक्टूबर तक नियमित व लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नही करने तथा कार्य मे लापरवाही बरतने पर 1 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक (कुल 35 दिवस) प्रतिदिन वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

प्रसारण 7/10/21